क्रम-संख्या—86

रजिस्ट्रेशन नम्बर—एस०एस०पी० / एल०
डब्लू० / एन०पी०—91 / 2014—16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

# सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

## उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

## असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग—2, खण्ड (क)

(उत्तर प्रदेश अध्यादेश)

लखनऊ, बुधवार, 28 मई, 2025

ज्येष्ठ 7, 1947 शक सम्वत्

**उत्तर प्रदेश शासन**

**विधायी अनुभाग—1**

संख्या 70 / 79-वि-1—2025-2-क-4-2025

लखनऊ, 28 मई, 2025

अधिसूचना

**विविध**

भारत का संविधान के अनुच्छेद 213 के खण्ड (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके राज्यपाल द्वारा निम्नलिखित उत्तर प्रदेश निरसन अध्यादेश, 2025 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 4 सन् 2025) जिससे विधायी अनुभाग—1 प्रशासनिक रूप से सम्बन्धित है, प्रख्यापित किया गया है जो इस अधिसूचना द्वारा सर्वसाधारण की सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है:—

उत्तर प्रदेश निरसन अध्यादेश, 2025

(उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 4 सन् 2025)

[भारत गणराज्य के छिहत्तरवें वर्ष में राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित]

वर्तमान समय में अनावश्यक तथा अप्रचलित कतिपय अधिनियमितियों का निरसन करने के लिए तथा एक अधिनियमिति को पुनर्जीवित करने के लिये

अध्यादेश

चूँकि राज्य विधान मण्डल सत्र में नहीं है और राज्यपाल का यह समाधान हो गया है कि ऐसी परिस्तिथियाँ विद्यमान हैं , जिनके कारण उन्हें तुरन्त कार्यवाही करना आवश्यक हो गया है;

अतएव, अब, भारत का संविधान के अनुच्छेद 213 के खण्ड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल, निम्नलिखित अध्यादेश प्रख्यापित करते हैं :—

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1— (1) यह अध्यादेश उत्तर प्रदेश निरसन अध्यादेश, 2025 कहा जायेगा।

(2) जब तक अन्यथा उपबंधित न हो, यह सरकारी गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनाँक से प्रवृत्त होगा ।

कतिपय अधिनियमितियों का निरसन

2– (1) इस अध्यादेश के अनुसूची में विनिर्दिष्ट अधिनियमितियाँ एतद्द्वारा निरसित की जाती हैं ।

(2) उत्तर प्रदेश निरसन अधिनियम, 2022 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 18 सन् 2022) की अनुसूची में, क्रम–संख्या 7 पर विनिर्दिष्ट प्रविष्टि को, उत्तर प्रदेश अत्यावश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम, 1966 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 30 सन् 1966) को, निरसन के दिनाँक से पूर्णतः पुनर्जीवित किये जाने के प्रयोजनार्थ एतद्द्वारा निरसित किया जाता है।

व्यावृत्ति

3– इस अधिनियम द्वारा नीचे दी गयी अनुसूची में दिये गये किसी अधिनियमिति के निरसन से,–

(क) ऐसी कोई अन्य अधिनियमिति प्रभावित नहीं होगी जिसमें निरसित अधिनियमिति लागू की गयी हो, सम्मिलित की गयी हो या निर्दिष्ट हो;

(ख) पहले से कृत या ग्रस्त किसी बात अथवा पहले से अर्जित, प्रोद्भूत या उपगत किसी अधिकार, हक, बाध्यता या दायित्व अथवा तत्सम्बन्धी किसी उपाय या कार्यवाही अथवा पहले से स्वीकृत किसी ऋण, शास्ति, बाध्यता, दायित्व, दावा या माँग या क्षतिपूर्ति के या से किसी प्रकार के निर्मोचन या उन्मोचन अथवा किसी पूर्व कृत कार्य या बात के प्रमाण की विधि मान्यता, अविधिमान्यता, अर्थ या परिणाम प्रभावित नहीं होंगे;

(ग) इस बात के होते हुए कोई सिद्धान्त या विधि का नियम या स्थापित अधिकारिता, अभिवचन, पद्धति या प्रक्रिया का प्रारूप या प्रक्रम अथवा विद्यमान प्रथा, रूढ़ि, विशेषाधिकार, निर्बन्धन, छूट, पद या नियुक्ति प्रभावित नहीं होंगे कि एतद्द्वारा निरसित किसी अधिनियमिति द्वारा, में या से उनकी क्रमशः किसी भी रीति से अभिपुष्टि कर ली गयी होगी या उन्हें मान्यता प्रदान कर दिया गया होगा या उन्हें व्युत्पन्न कर लिया गया होगा;

(घ) कोई अधिकारिता, पद, रूढ़ि, दायित्व, अधिकार, हक, विशेषाधिकार, निर्बन्धन, छूट, प्रथा, पद्धति, प्रक्रिया अथवा सम्प्रति अविद्यमान या अप्रवृत्त कोई अन्य विषय या बात पुनः प्रवर्तित या प्रत्यावर्तित नहीं होंगे;

(ङ) लेखा–परीक्षा, परीक्षा, लेखांकन, अनुसन्धान, जाँच या तत्सम्बन्ध में किसी प्राधिकारी द्वारा कृत या की जाने वाली कोई अन्य कार्यवाही प्रभावित नहीं होगी और ऐसी लेखा–परीक्षा, परीक्षा, लेखांकन, अनुसन्धान, जाँच या कार्यवाही की जा सकती है, और या जारी रखी जा सकती है मानों उक्त अधिनियमितियाँ इस अधिनियम द्वारा निरसित न की गयी हों ।

## अनुसूची

(धारा 2 की उपधारा (1) देखें)

**निरसित किये जा रहे अधिनियम**

| क्रमांक | अधिनियम का नाम | उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या |
|---|---|---|
| 1 | आगरा विश्वविद्यालय (अनुपूरक) अधिनियम, 1952 | 3 सन् 1953 |
| 2 | आगरा विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 1954 | 25 सन् 1954 |
| 3 | इलाहाबाद विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 1957 | 5 सन् 1958 |
| 4 | लखनऊ विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 1957 | 6 सन् 1958 |
| 5 | गोरखपुर विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 1958 | 23 सन् 1958 |
| 6 | वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 1958 | 24 सन् 1958 |
| 7 | आगरा विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 1958 | 26 सन् 1958 |
| 8 | उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम, 1959 | 11 सन् 1959 |
| 9 | उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम, 1961 | 13 सन् 1961 |
| 10 | गोरखपुर विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 1962 | 24 सन् 1962 |

| क्रमांक | अधिनियम का नाम | उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या |
|---|---|---|
| 11 | उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय (उप–कुलपतियों की नियुक्ति) (संशोधन तथा वैधीकरण) अधिनियम, 1966 | 6 सन् 1966 |
| 12 | कानपुर तथा मेरठ विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 1966 | 31 सन् 1966 |
| 13 | उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 1971 | 19 सन् 1971 |
| 14 | वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 1972 | 21 सन् 1972 |
| 15 | उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (संशोधन) अधिनियम, 1982 | 9 सन् 1982 |
| 16 | उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (संशोधन) अधिनियम, 1985 | 22 सन् 1985 |
| 17 | उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (संशोधन) अधिनियम, 1992 | 2 सन् 1992 |
| 18 | उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (संशोधन) अधिनियम, 1997 | 10 सन् 1997 |
| 19 | उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (संशोधन) अधिनियम, 2004 | 24 सन् 2004 |
| 20 | उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (द्वितीय संशोधन) अधिनियम, 2004 | 30 सन् 2004 |
| 21 | उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (संशोधन) अधिनियम, 2006 | 4 सन् 2006 |
| 22 | उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (द्वितीय संशोधन) अधिनियम, 2006 | 22 सन् 2006 |
| 23 | उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (तृतीय संशोधन) अधिनियम, 2006 | 42 सन् 2006 |
| 24 | उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (संशोधन) अधिनियम, 2007 | 42 सन् 2007 |
| 25 | उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (द्वितीय संशोधन) अधिनियम, 2007 | 14 सन् 2008 |
| 26 | उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (संशोधन) अधिनियम, 2008 | 18 सन् 2008 |
| 27 | मुहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2007 | 10 सन् 2014 |
| 28 | उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (द्वितीय संशोधन) अधिनियम, 2014 | 12 सन् 2014 |
| 29 | उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (संशोधन) अधिनियम, 2014 | 22 सन् 2014 |
| 30 | उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (संशोधन) अधिनियम, 2015 | 12 सन् 2015 |
| 31 | उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (संशोधन) अधिनियम, 2016 | 6 सन् 2016 |
| 32 | उत्तर प्रदेश मंत्री (वेतन, भत्ता और प्रकीर्ण उपबन्ध) (संशोधन) अधिनियम, 2016 | 22 सन् 2016 |
| 33 | एमिटी विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश (संशोधन) अधिनियम, 2016 | 25 सन् 2016 |
| 34 | मुहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2016 | 28 सन् 2016 |
| 35 | उत्तर प्रदेश ब्रज नियोजन और विकास बोर्ड (संशोधन) अधिनियम, 2017 | 3 सन् 2017 |

आनंदीबेन पटेल,
राज्यपाल,
उत्तर प्रदेश।

---

आज्ञा से,
अतुल श्रीवास्तव,
प्रमुख सचिव।

47 RPH (Vidhaika Addhyadesh) 2025 data 8e

No. 70(2)/LXXIX-V-1–2025-2-ka-4-2025

*Dated Lucknow, May* 28, 2025

IN pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of the Uttar Pradesh Nirsan Adhyadesh, 2025 (Uttar Pradesh Adhyadesh Sankhya 4 of 2025) promulgated by the Governor. Vidhayi Anubhag-1 is administratively concerned with the said Ordinance.

THE UTTAR PRADESH REPEALING ORDINANCE, 2025

(U.P. ORDINANCE NO. 4 OF 2025)

[Promulgated by the Governor in the Seventy-sixth Year of the Republic of India]

AN

ORDINANCE

*to repeal certain enactments that have become redundant and obsolete in the present times and to revive an enactment.*

WHERAS the State Legislature is not in session and the Governor is satisfied that circumstances exist which render it necessary for her to take immediate action;

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by clause (1) of Article 213 of the Constitution of India, the Governor is pleased to promulgate the following Ordinance:-

Short title and commencement

**1.** (1) This Ordinance may be called the Uttar Pradesh Repealing Ordinance, 2025.

(2) Save as otherwise provided, it shall come into force with effect from the date of its publication in the Official *Gazette*.

Repeal of certain enactments

**2.** (1) The enactments specified in the Schedule of this Ordinance are hereby repealed.

(2) In the Schedule to the Uttar Pradesh Repealing Act, 2022 (U.P. Act No. 18 of 2022), the entry specified at serial number 7 thereto is hereby repealed for the purpose of wholly reviving the Uttar Pradesh Essential Services Maintenance Act, 1966 (U.P. Act no. 30 of 1966) from the date of its repeal.

Savings

3. The repeal by this Act of any enactment specified in the Schedule below shall not,—

(a) affect any other enactment in which the repealed enactment has been applied, incorporated or referred to;

(b) affect the validity, invalidity, effect or consequences of anything already done or suffered or any right, title, obligation or liability already acquired, accrued or incurred, or any remedy or proceeding in respect thereof, or any release or discharge of or from any debt, penalty, obligation, liability, claim or demand, or any indemnity already granted; or the proof of any past Act or thing;

(c) affect any principle or rule of law, or established jurisdiction, form or course of pleading, practice or procedure, or existing usage, custom, privilege, restriction, exemption, office or appointment, notwithstanding that the same respectively may have been in any manner affirmed or recognized or derived by, in or from any enactment hereby repealed;

(d) revive or restore any jurisdiction, office, custom, liability, right, title, privilege, restriction, exemption, usage, practice, procedure or other matter or thing not now existing or in force;

(e) affect the audit, examination, accounting, investigation, inquiry or any other action taken or to be taken in relation thereto by any authority and such audit, examination, accounting, investigation, inquiry or action could be taken, and, or continued as if the said enactments are not repealed by this Act.

47 RPH (Vidhaika Addhyadesh) 2025 data 8e

SCHEDULE

*(See sub-section (1) of section 2)*

**Acts being repealed**

| Sl. No. | Name of the Act | U.P. Act No. |
|---|---|---|
| 1. | The Agra University (Supplementary) Act, 1952 | 3 of 1953 |
| 2. | The Agra University (Amendment) Act, 1954 | 25 of 1954 |
| 3. | The Allahabad University (Amendment) Act, 1957 | 5 of 1958 |
| 4. | The Lucknow University (Amendment) Act, 1957 | 6 of 1958 |
| 5. | The Gorakhpur University (Amendment) Act, 1958 | 23 of 1958 |
| 6. | The Varanaseya Sanskrit Vishwavidyalaya (Amendment) Act, 1958 | 24 of 1958 |
| 7. | The Agra University (Amendment) Act, 1958 | 26 of 1958 |
| 8. | The Uttar Pradesh Universities Act, 1959 | 11 of 1959 |
| 9. | The Uttar Pradesh Universities Act, 1961 | 13 of 1961 |
| 10. | The Gorakhpur Vishwavidyalaya (Amendment) Act, 1962 | 24 of 1962 |
| 11. | The Uttar Pradesh Universities (Appointment of Vice-Chancellors) (Amendment and Validation) Act, 1966 | 6 of 1966 |
| 12. | The Kanpur and Meerut Universities (Sanshodhan) Adhiniyam, 1966 | 31 of 1966 |
| 13. | The Uttar Pradesh Universities (Amendment) Act, 1971 | 19 of 1971 |
| 14. | The Varanaseya Sanskrit Vishwavidyalaya (Amendment) Act, 1972 | 21 of 1972 |
| 15. | The Uttar Pradesh Higher Education Services Commission (Amendment) Act, 1982 | 9 of 1982 |
| 16. | The Uttar Pradesh Higher Education Services Commission (Amendment) Act, 1985 | 22 of 1985 |
| 17. | The Uttar Pradesh Higher Education Services Commission (Amendment) Act, 1992 | 2 of 1992 |
| 18. | The Uttar Pradesh Higher Education Services Commission (Amendment) Act, 1997 | 10 of 1997 |
| 19. | The Uttar Pradesh Higher Education Services Commission (Amendment) Act, 2004 | 24 of 2004 |
| 20. | The Uttar Pradesh Higher Education Services Commission (Second Amendment) Act, 2004 | 30 of 2004 |
| 21. | The Uttar Pradesh Higher Education Services Commission (Amendment) Act, 2006 | 4 of 2006 |
| 22. | The Uttar Pradesh Higher Education Services Commission (Second Amendment) Act, 2006 | 22 of 2006 |
| 23. | The Uttar Pradesh Higher Education Services Commission (Third Amendment) Act, 2006 | 42 of 2006 |
| 24. | The Uttar Pradesh Higher Education Services Commission (Amendment) Act, 2007 | 42 of 2007 |
| 25. | The Uttar Pradesh Higher Education Services Commission (Second Amendment) Act, 2007 | 14 of 2008 |
| 26. | The Uttar Pradesh Higher Education Services Commission (Amendment) Act, 2008 | 18 of 2008 |

| Sl. No. | Name of the Act | U.P. Act No. |
|---|---|---|
| 27. | The Mohammad Ali Jauhar University (Amendment) Act, 2007 | 10 of 2014 |
| 28. | The Uttar Pradesh Higher Education Services Commission (Second Amendment) Act, 2014 | 12 of 2014 |
| 29. | The Uttar Pradesh Higher Education Services Commission (Amendment) Act, 2014 | 22 of 2014 |
| 30. | The Uttar Pradesh Higher Education Services Commission (Amendment) Act, 2015 | 12 of 2015 |
| 31. | The Uttar Pradesh Higher Education Services Commission (Amendment) Act, 2016 | 6 of 2016 |
| 32. | The Uttar Pradesh Ministers' (Salaries, Allowances and Miscellaneous Provisions) (Amendment) Act, 2016 | 22 of 2016 |
| 33. | The Amity University Uttar Pradesh (Amendment) Act, 2016 | 25 of 2016 |
| 34. | The Mohammad Ali Jauhar University (Amendment) Act, 2016 | 28 of 2016 |
| 35. | The Uttar Pradesh Braj Planning and Development Board (Amendment) Act, 2017 | 3 of 2017 |

ANANDIBEN PATEL,
*Governor,*
*Uttar Pradesh.*

---

By order,
ATUL SRIVASTAVA,
*Pramukh Sachiv.*

पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 47 राजपत्र–2025–(145)–599 प्रतियां–(कम्प्यूटर / टी0 / ऑफसेट)।
पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 2 सा0 विधायी–2025–(146)–300 प्रतियां–(कम्प्यूटर / टी0 / ऑफसेट)।

47 RPH (Vidhaika Addhyadesh) 2025 data 8e